दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 31 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 334

## महत्वपूर्ण एवं खास

### फीस के लिए परेशान कर रहे थे टीचर, छात्रा ने की आत्महत्या

**जालंधर (आरएनएस)।** महानगर के स्कूल की एक छात्रा ने टीचर से परेशान होकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव पंखे से लटकता मिला। घटना रैनक बाजार के नजदीक की है, जहां 12वीं कक्षा में पढऩे वाली लडक़ी ने अपने घर में सुसाइड कर लिया। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी को दो टीचर उन्हें फीस के लिए बहुत परेशान कर रही थी। साथ ही उन्हें धमकियां भी देती थी जिस कारण उनकी लडक़ी स्कूल भी नहीं जा रही थी। लडक़ी ने रात को पहले अपने स्कूल की एक दोस्त के साथ फोन पर चैटिंग की और बाद में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने थाना चार में शिकायत दर्ज करवाई है।

### मसीहा बना 10 महीने का बच्चा, रुकवा दी इजराइल और हमास की जंग

**इजराइल ।** इजराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग जिसे रूकवाने में कई देश नाकाम साबित हुए हैं, तो वहीं एक 10 महीने का बच्चा मसीहा बनकर सामने आया है। जिस की वजह से दोनों देशों के बीच हो रही जंग पर विराम लग गया है। करीब 11 महीने से जारी जंग 3 दिन के लिए रोकने पर सहमति बन गई है। डब्ल्यूएचओ ने बताया है कि हमास और इजराइल 3-3 दिनों के लिए अलग-अलग ज़ोन में सीजफ़ायर के लिए राज़ी हैं। दरअसल, 23 अगस्त को डब्ल्यूएचओ ने गाज़ा में 25 साल बाद पोलियो वायरस मिलने की पुष्टि की थी। गाजा में 10 महीने का बेबी अब्दुल रहमान टाइप 2 पोलियो वायरस से ग्रसित होकर विकलांग हो गया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा था कि गाज़ा जंग के बीच बच्चों को पोलियो वैक्सीन देना बेहद मुश्किल हो रहा है और करीब साढ़े 6 लाख बच्चों को तत्काल पोलियो वैक्सीनेशन की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि इजराइली सेना और हमास 3 अलग-अलग ज़ोन में 3 दिनों के लिए युद्धविराम को राजी हो गए हैं। गाज़ा पट्टी में हमास और इजराइल के बीच 3 दिनों के सीजफ़ायर के दौरान 6 लाख 40 हज़ार बच्चों के लिए वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया में केमिकल ले जा रहे ट्रक में विस्फोट, एक की मौत

सिडनी ,30 अगस्त । ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में शुक्रवार को केमिकल ले जा रहा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान ट्रक में विस्फोट हो गया। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षा के लिहाज से शहर को खाली करा दिया गया है। बता दें कि 42 टन अमोनियम नाइट्रेट ले जा रहा बी-डबल टैंकर हाईवे पर दूसरे वाहन से टकरा गया। इससे भीषण विस्फोट हुआ। क्वींसलैंड पुलिस ने बोरोरेन के निवासियों से तुरंत शहर खाली करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया है कि हादसे में दूसरे वाहन के चालक की मौत हो गई है और ट्रक चालक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया था। चालक को पेट और पैर में गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल के आस-पास के लोगों को वहां से निकलने का निर्देश दिया। जो लोग वहां से नहीं निकल पाए, उन्हें घर के अंदर रहने के साथ खिड़कियों, दरवाजों और एसी बंद करने को कहा गया। क्वींसलैंड पुलिस के कार्यवाहक अधीक्षक मार्क बर्गेस ने कहा कि विस्फोट का दायरा लगभग 500 मीटर था। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सुबह 9.40 बजे के बाद एक विस्फोट की आवाज सुनी गई और धुएं का एक बड़ा गुबार दिखाई दिया।

# वायुसेना का अभ्यास तरंग शक्ति दिखाएगा आत्मनिर्भर भारत की ताकत

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारतीय वायु सेना की पहली मल्टीनेशन एयर एक्सरसाइज तरंगशक्ति-2024 का दूसरा शुक्रवार को जोधपुर में प्रारंभ हो रहा है। तरंगशक्ति का दूसरा चरण 30 अगस्त से 14 सितंबर तक चलेगा।

यह विश्व के समक्ष भारत की आत्मनिर्भरता को दर्शाने का भी एक बड़ा अवसर है। यही कारण है कि जोधपुर में भारतीय रक्षा उपकरणों की शानदार एग्जिबिशन होगी। इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ अमेरिकन एयर फोर्स व अन्य राष्ट्र संयुक्त अभ्यास करते दिखाई देंगे। सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश श्रीलंका, जापान और यूएई आदि देशों के लड़ाकू विमान भी इस अभ्यास का हिस्सा बनेंगे।

शुक्रवार शाम अभ्यास तरंग शक्ति के दूसरे चरण का आगाज होगा। इस बहुराष्ट्रीय एयर फोर्स एक्सरसाइज का एक मुख्य फोकस आत्मनिर्भरता के तहत स्वदेशी क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। अभ्यास के दौरान सुलूर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की मेड इन इंडिया प्रदर्शनी आयोजित की गई थी। अभ्यास के दूसरे चरण में जोधपुर में भी भारतीय उपकरणों की ऐसी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

अभ्यास में भारत के स्वदेशी एलसीए तेजस, एलसीएच प्रचंड और अन्य हथियार प्रणालियों सहित मेक-इन-इंडिया उपकरण को प्रदर्शित किया जा रहा है। भारतीय वायु सेना अपने राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर, तेजस, मिग-29 फाइटर जेट और प्रचंड व रुद्र लड़ाकू हेलीकॉप्टर के साथ प्रदर्शन करेगी। इस अभ्यास में भारत के एएलएच ध्रुव, सी-130, आईएल-78 भी अपनी क्षमता दिखाएंगे। तरंग-शक्ति 2024 का ये दूसरा चरण है।

इससे पहले तमिलनाडु के सुलूर में इसका पहला चरण पूरा किया गया था। जोधपुर में आयोजित दूसरे चरण में तेजस, सुखोई के साथ लूफ्तवाफे जर्मन एयर फोर्स, स्पेनिश एयरफोर्स के यूरोफाइटर टाइफून एक्सरसाइज में उड़ान भरेंगे। वहीं अमेरिका का एफ-16 यहां नजर आ सकता है। इस अभ्यास में भाग लेने के लिए कुल 51 देशों को आमंत्रित किया गया है। जिन देशों को इसमें आमंत्रित किया गया है उनमें बांग्लादेश भी शामिल है, और बांग्लादेश इस अभ्यास के दूसरे चरण का हिस्सा बन रहा है। अभ्यास की पहले चरण में जर्मनी स्पेन और इंग्लैंड टाइफून फाइटर प्लेन का इस्तेमाल करते दिखे थे।

वहीं फ्रांस की ओर से इस सैन्य अभ्यास में राफेल फाइटर जेट शामिल हुए। अब अमेरिका व ग्रीस समेत कई अन्य देश 14 सितंबर तक जोधपुर में आयोजित होने वाले अभ्यास तरंग शक्ति के दूसरे चरण में शामिल हो रहे हैं। वायु सेना भारत में पहला बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति का आयोजन कर रही है। इस अभ्यास के प्रथम चरण के पहले दिन फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड और स्पेन समेत भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुलूर स्थित तमिलनाडु के एयरफोर्स स्टेशन पर पौधारोपण किया था।

इस अभ्यास में रूस को आमंत्रित किया गया था। गौरतलब है कि रूस लंबे समय से यूक्रेन के साथ हो रहे युद्ध में है। संघर्ष के कारण वह इस अभ्यास में भाग नहीं ले रहा है। 'तरंग शक्ति' युद्धाभ्यास में 12 वायु सेनाओं के फाइटर व स्ट्रैटेजिक विमान शामिल हो सकते हैं।

इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, जर्मनी व यूएई के फाइटर जेट शामिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि तरंग शक्ति युद्धाभ्यास अमेरिका के 'रेड फ्लैग वॉर गेम' के स्तर का होगा। रेड फ्लैग वॉर गेम में नाटो देश रहते हैं।

# रेल मंत्री का भक्तों को तोहफा, गणेश उत्सव पर चलाई जाएंगी 342 स्पेशल ट्रेन

**नईदिल्ली । आरएनएस**



महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश में गणपति उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं. इस मौके पर सरकार ने भी भक्तों को तोहफा दिया है. रेल मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गणेश उत्सव पर 343 स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. जिससे भक्तों की सारी परेशानी दूर हो जाएंगी. क्योंकि गणपति उत्सव के दौरान महाराष्ट्र जाने वाली सभी ट्रेनों में भीड़ हो जाती है. जिसके चलते काफी भक्त गणपति उत्सव में शामिल ही नहीं हो पाते हैं. विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है.

आपको बता दें कि गणेश उत्सव 7 सितंबर से शुरू हो रहा है. यह उत्सव पूरे 10 दिन चलता है. महाराष्ट्र के लोगों के लिए ये त्योहार बहुत ही महत्व रखता है. गणेश भक्तों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बताया कि अगले महीने गणेश उत्सव के लिए 342 स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाने वाला है. ताकि किसी भी भक्त को परेशानी न उठानी पड़े. ये ट्रेनें 7 सितंबर से ही शुरू कर दी जाएंगी. साथ ही जब तक उत्सव खत्म नहीं होगा. तब तक चलती रहेंगी.

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि 7 सितंबर से शुरू होने वाले दस दिवसीय उत्सव के दौरान हर साल लाखों लोग मुंबई से कोंकण में अपने मूल स्थानों के लिए यात्रा करते हैं. उन्होंने बताया कि कोंकण जाने के लिए लोगों ने 300 गणपति स्पेशल ट्रेनों की मांग की गई थी, लेकिन भारतीय रेलवे ने भक्तों की सुविधा को देखते हुए 342 ट्रेनों को चलाने का फैसला किया है.

# मुंबई 1993 धमाके : टाइगर मेनन की पारिवारिक संपत्ति केंद्र सरकार को सौंपने के आदेश

**मुंबई । आरएनएस**

महाराष्ट्र की विशेष टाडा कोर्ट ने मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के वांछित आरोपी टाइगर मेनन की पारिवारिक संपत्ति को केंद्र सरकार को सौंपने के आदेश दिए हैं।मेनन के परिवार के 3 फ्लैट माहिम के अल हुसैन भवन में है, जिसे कुर्क किया गया था। कोर्ट ने 1994 के कुर्की के आदेश को भी खारिज कर दिया है।उस समय बॉम्बे हाई कोर्ट के कोर्ट रिसीवर को इसका प्रभारी बनाया गया था।

अल हुसैन सहकारी आवास सोसायटी ने अपने सचिव के जरिए याचिका दायर कर 3 विवादित संपत्तियों को जब्त करने या निपटाने, मरम्मत करने, रखरखाव बकाया, संपत्ति कर और अन्य व्ययों की वसूली के लिए 41.46 लाख रुपये ब्याज सहित मांगा था।सोसाइटी की यह भी मांग थी कि कोर्ट रिसीवर को पुर्नविकास समझौतों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति मिले।कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी और कहा कि जब्ती आदेश के मद्देनजर केंद्र सरकार विवादित संपत्तियों की मालिक है।

1993 मुंबई धमाके में मेनन समेत उसके परिवार के कई लोगों को दोषी ठहराया गया, जिसमें कुछ बरी हो गए और कुछ फरार हैं। धमाकों का मास्टरमाइंड मेनन भी फरार है।मेनन के भाई याकूब को मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 2015 में फांसी मिली, जो इस मामले में मृत्युदंड पाने वाला इकलौता दोषी था।मेनन के 6 भाई इसी भवन में रहते थे। एक फ्लैट मेनन की मां, दूसरा भाभी और तीसरा पत्नी के नाम पर था।

मुंबई के 12 जगहों पर 12 मार्च, 1993 को हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में 257 लोग मारे गए और 713 लोग घायल हुए थे।बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में भी धमाका हुआ, जिसमें 50 मौत हुई थी। उस समय 27 करोड़ रुपये की संपत्ति नष्ट हुई।मामले में दाऊद इब्राहिम, मेनन, उसकी मां समेत अन्य परिवार के लोग गिरफ्तार हुए।

# गुजरात में बारिश और बाढ़ के बाद तूफान असना का खतरा, कच्छ में अलर्ट जारी

**❑ लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया**

**अहमदाबाद । आरएनएस**



गुजरात में जहां एक ओर बारिश और बाढ़ तबाही मचा रही है वहीं चक्रवाती तूफान असना का भी खतरा मंडरा रहा है। कच्छ क्षेत्र के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। इसके चलते जिले में अधिकारियों ने झोपडिय़ों और अस्थायी घरों में रह रहे लोगों को स्कूलों, मंदिरों या अन्य इमारतों में आश्रय लेने को कहा है।

मौसम विभाग की चेतावनी के बाद, कच्छ के जिलाधिकारी ने एक वीडियो संदेश जारी कर अबडासा, मांडवी और लखपत तालुका में रह रहे लोगों से अपनी झोपडिय़ों और कच्चे घरों को छोडक़र किसी स्कूल या अन्य इमारतों में शरण लेने के लिए कहा। उन्होंने स्थानीय लोगों से, शुक्रवार शाम तक के लिए ऐसे गरीब वर्ग के लोगों को अपने घरों में शरण देने के लिए आगे आने की अपील की है।

मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार रात अपने बयान में कहा, कच्छ और आसपास के इलाकों में बने गहरे दबाव के, अगले 12 घंटे के दौरान उत्तर-पूर्व अरब सागर में पश्चिम की ओर बढऩे और एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने के आसार हैं। इसके बाद यह अगले दो दिनों के दौरान भारतीय तट से दूर पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि आईएमडी की चेतावनी के बाद, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल बृहस्पतिवार रात गांधीनगर में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अरोड़ा से जिला प्रशासन की तैयारियों के बारे में बात की। अगर गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवात का रूप ले लेता है तो इसका नाम 'असना' रखा जाएगा, जो पाकिस्तान द्वारा सुझाया गया नाम है। यह एक दुर्लभ घटना है कि जमीन पर बना गहरा दबाव समुद्र में चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इतना ही नहीं, अगस्त में अरब सागर में चक्रवात का बनना भी दुर्लभ है। आईएमडी ने कहा, इस अवधि के दौरान समुद्र की स्थिति खराब रहेगी, ऊंची लहरें उठेंगी और गुजरात तट पर हवा की गति 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच सकती है।'

# महाराष्ट्र में शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर विवाद, 6 फीट की जगह 35 फीट की बनाई

**मुंबई । आरएनएस**



महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फीट ऊंची प्रतिमा गिरने के बाद प्रदेश में छिड़े राजनीतिक घमासान के बीच एक नया खुलासा हुआ है।महाराष्ट्र कला महानिदेशालय ने मालवन के राजकोट किले के लिए छत्रपति शिवाजी की सिर्फ 6 फीट ऊंची प्रतिमा की मंजूरी दी थी, लेकिन यहां 35 फीट की प्रतिमा बना दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, यहां के निदेशक राजीव मिश्रा ने कहा कि मूर्तिकार ने मिट्टी का मॉडल दिया था।

मिश्रा ने बताया कि इस मामले में निदेशालय को भी अंधेरे में रखा गया। एक बार मंजूरी मिलने के बाद निदेशालय को यह नहीं बताया गया कि मूर्ति 35 फीट ऊंची होगी और उसमें स्टील की प्लेटों का इस्तेमाल किया जाएगा।रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के लोक निर्माण विभाग ने नौसेना को 2.44 करोड़ रुपये भेजे थे, जो मूर्ति लगा रही थी। भारतीय नौसेना ने ही सलाहकार और मूर्तिकार नियुक्त किए थे और डिजाइन को निदेशालय भेजा था।

अधिकारी ने बताया कि बाद में मूर्ति की ऊंचाई बढ़ाई गई, जिसकी उनको जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने नौसेना को मूर्ति के नट बोल्ट में जंग लगने के बारे में बताया था।अधिकारी ने बताया कि निदेशालय के पास संरचनात्मक स्थिरता या इस्तेमाल की गई सामग्री की जांच करने का कोई तरीका नहीं था।उन्होंने बताया कि यह नौसेना की जिम्मेदारी थी क्योंकि उसने मूर्तिकार और सलाहकार की नियुक्ति की थी।

मुंबई से लगभग 480 किलोमीटर दूर सिंधुदुर्ग के मालवण तहसील के राजकोट किले में शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा सोमवार दोपहर ढह गई।प्रतिमा का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर, 2023 को नौसेना दिवस पर किया था और किले के समारोह में आए थे। इससे खराब गुणवत्ता को लेकर विवाद और बढ़ गया है।मामले में मूर्तिकार जयदीप आप्टे और संरचनात्मक सलाहकार चेतन पाटिल पर एफआईआर हुई है। पाटिल कोल्हापुर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

**शिवाजी महाराज से सिर झुकाकर माफी मांगता हूं: मोदी-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर में शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए 26 अगस्त को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने की घटना के लिए माफी मांगी. उन्होंने मालवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने की घटना कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे लिए सिर्फ एक नाम नहीं हैं. आज मैं अपने भगवान छत्रपति शिवाजी महाराज से सिर झुकाकर माफी मांगता हूं. हमारे संस्कार अलग हैं, हम वे लोग नहीं हैं जो भारत माता के महान सपूत, इस धरती के सपूत वीर सावरकर को गाली देते रहें और उनका अपमान करते रहें. उन्होंने कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और उन्हें गहरी ठेस पहुंची है, मैं उनसे सिर झुकाकर माफी मांगता हूं. हमारे मूल्य अलग हैं. हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है.

पालघर में जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा कि आज भारत की विकास यात्रा के लिए बहुत बड़ा दिन है. विकसित महाराष्ट्र, विकसित भारत के संकल्प का सबसे अहम हिस्सा है. इसलिए, चाहे पिछले10 साल हों या फिर अब मेरी सरकार का तीसरा कार्यकाल, महाराष्ट्र के लिए लगातार बड़े फैसले लिए गए हैं.

# ईडी ने भूपेंद्र हुड्डा मामले में कुर्क की दो कंपनियों की 834 करोड़ की संपत्ति

**नईदिल्ली । आरएनएस**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए 2 कंपनियों की 834 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। ईडी ने हुड्डा, एम्मार और एमजीएफ डेवलपमेंट लिमिटेड समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ यह कार्रवाई की है। कुर्क की गई संपत्तियां हरियाणा और दिल्ली के 20 गांवों में स्थित हैं।आरोप है कि आरोपियों ने इस गांवों में सस्ते दामों में जमीन हासिल की थी। ईडी अधिकारियों के अनुसार, एम्मार इंडिया लिमिटेड की 501.13 करोड़ रुपये की संपत्ति और एमजीएफ डेवलपमेंट्स की 332.69 करोड़ रुपये कीमत की 401.655 एकड़ में फैली अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। ये सभी संपत्तियां गुरुग्राम और दिल्ली के 20 गांवों में स्थित हैं।इसके साथ ही एम्मार इंडिया और एमजीएफ डेवलपमेंट्स दोनों पर गुरुग्राम के सेक्टर 65 और 66 में आवासीय कॉलोनी के लिए नगर नियोजक से मिले लाइसेंस के मामले में भी जांच की जा रही है। ईडी का आरोप है कि एम्मार- एमजीएफ ने हुड्डा और नगर ग्राम योजनाकार विभाग के पूर्व निदेशक त्रिलोक चंद गुप्ता के साथ मिलकर दिल्ली और गुरुग्राम में सस्ते दामों में जमीन हथिया ली थी। इससे जमीन मालिकों के साथ सरकार को भी नुकसान झेलना पड़ा था।इस पर ईडी ने हुड्डा और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की है।

# बीजेपी में शामिल हुए झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन

**रांची । आरएनएस**



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ साढ़े चार दशकों की राजनीतिक यात्रा को विराम देने के बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को अपराह्न चार बजे औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित एक बड़ी जनसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका पार्टी में स्वागत किया। इसके पहले चंपई सोरेन ने कहा कि वह झारखंड के नवनिर्माण का संकल्प लेकर भारतीय जनता पार्टी में आए हैं।

चंपई सोरेन के साथ उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन और सरायकेला-खरसावां जिला परिषद के अध्यक्ष तथा पार्टी के कद्दावर नेता सोनाराम बोदरा सहित कई लोग भाजपा में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपई सोरेन उन नेताओं में शामिल रहे हैं, जिनके संघर्षों की बदौलत अलग झारखंड का निर्माण हुआ। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने ऐसे नेता को अपमानित किया है। अब वे भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं और नए झारखंड के निर्माण का संकल्प लेकर आए हैं। बता दें कि चंपई सोरेन ने 18 अगस्त को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट लिखकर झामुमो से अलग नया अध्याय शुरू करने का ऐलान किया था। उन्होंने लिखा था कि राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए झामुमो में उनका अपमान किया गया। उनसे जिस तरह सीएम पद से इस्तीफा लिया गया, वह बेहद अपमानजनक था।

इसके बाद 28 अगस्त की रात उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के पत्र में पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन से अपनी व्यथा जाहिर करते हुए उन्होंने लिखा था, अत्यंत ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आपके मार्गदर्शन में जिस पार्टी का सपना हम जैसे कार्यकर्ताओं ने देखा था, एवं जिस के लिए हम लोगों ने जंगलों, पहाड़ों एवं गांवों की खाक छानी थी, आज पार्टी अपनी उस दिशा से भटक चुकी है।

# झारखंड की हेमंत कैबिनेट में मंत्री बने रामदास सोरेन, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**रांची । आरएनएस**



घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन आज हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में शामिल हो गए। शुक्रवार सुबह 10.30 बजे राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन सहित उनके कैबिनेट के कई अन्य मंत्री मौजूद रहे।

61 वर्षीय रामदास सोरेन विधानसभा कि घाटशिला सीट से झामुमो के विधायक हैं। 28 अगस्त को चंपई सोरेन के मंत्री पद से इस्तीफे की वजह से कैबिनेट में एक मंत्रीपद की एक सीट खाली हुई थी। चंपई सोरेन उच्च शिक्षा एवं तकनीकी और जल संसाधन विभाग में मंत्री थे।

संभावना जताई जा रही है कि रामदास सोरेन को ये दोनों विभाग का ही कार्यभार दिया जाएगा। चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से राज्य के कोल्हान इलाके में सियासी समीकरण प्रभावित हो सकते हैं।

ऐसे में उनकी जगह रामदास सोरेन को मंत्री बनाए जाने के फैसले को सियासी 'डैमेज कंट्रोल' की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। 61 वर्षीय रामदास सोरेन भी चंपई सोरेन की तरह संथाल आदिवासी समाज से ताल्लुक रखते हैं और उनकी राजनीति भी कोल्हान प्रमंडल में केंद्रित रही है।

वह घाटशिला से दो बार विधायक चुने गए हैं। बता दें कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद चंपई सोरेन सीएम बनाए गए थे। फिर, करीब पांच महीने बाद जब हेमंत सोरेन जमानत मिलने पर जेल से बाहर आए तो उसके छठे दिन 4 जुलाई को ही चंपई सोरेन से इस्तीफा ले लिया गया था और हेमंत सोरेन ने फिर से सीएम पद की शपथ ली थी।

हालांकि हेमंत सोरेन की सरकार में चंपई सोरेन मंत्री के रूप में शामिल हुए थे, लेकिन वे नाराज चल रहे थे। 18 अगस्त को उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अपनी व्यथा जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि उनका अपमान किया गया और गलत तरीके से सीएम पद से इस्तीफा ले लिया गया।